गतवर्षवाचक १-परुत् १॥गतवर्षसे पहले वर्षका वाचक अव्यय १-परारि १ ॥ वर्त्तमान वर्षवाचक अव्यय १-ऐषमस् १ ॥

अद्यात्राह्नय-

इस दिनका वाचक अव्यय १-अद्य १ ॥

-थ पूर्वेऽह्नीत्यादौ पूर्वोत्तरापरात् ॥ २० ॥ तथाधरान्यान्यतरेतरात्पूर्वेद्युरादयः।

'प्रथमदिन' इत्यादि अर्थमें पूर्वआदि शब्दसे "एद्युस्" प्रत्यय होकर पूर्व दिनका वाचक 'पूर्वेद्युः' उत्तर दिनका वाचक 'उत्तरेद्युः' अपरदिनका वाचक 'अपरेद्युः' इत्यादि शब्द बनते हैं जैसे-'अधरेद्युः' 'अन्येद्युः' 'अन्यतरेद्युः' 'इतरेद्युः' ॥ २० ॥

उभयद्युश्चोभयेद्युः-

दोनों दिनके वाचक अव्यय २-उभयद्युः१ उभयेद्युः २ ॥

-परे त्वह्नि परेद्यवि ॥ २१ ॥

परदिनका वाचक१-परेद्यवि१॥२१॥

ह्यो गते-

व्यतीतदिनका वाचक अव्यय शब्द १–ह्यस् १ ॥

–ऽनागतेऽह्नि श्वः–

कलदिनका १–श्वस् १ ॥

–परश्वस्तु परेऽहनि ।

आनेवाले परसों दिनका वाचक १–परश्वः १ ॥

तदा तदानीं–

तिसकालके वाचक अव्यय २–तदा १ तदानीम् २ ॥

–युगपदेकदा–

एक समयके वाचक अव्यय २–युगपत् १ एकदा २ ॥

सर्वदा सदा ॥ २२ ॥

सदाकालवाचक अव्यय २–सर्वदा १ सदा २ ॥ २२ ॥

एतर्हि संप्रतीदानीमधुना सांप्रतं तथा ।

'इसी समय' इस अर्थके वाचक अव्यय शब्द ५–एतर्हि १ सम्प्रति २ इदानीम् ३ अधुना ४ सांप्रतम् ५ ॥

दिग्देशकाले पूर्वादौ प्रागुदक्प्रत्यगादयः ॥ २३ ॥

पूर्वदिशा, पूर्वदेश और पूर्वकालमें 'प्राक्' शब्द है । उत्तर दिशा, उत्तरदेश और उत्तरकालवाचक अव्ययशब्द 'उदक्' पश्चिमदिशा पश्चिम देश और पश्चिमकालका वाचक अव्यय शब्द 'प्रत्यक्' इत्यादि ॥ २३ ॥

इत्यव्ययवर्गः ॥ ४ ॥

लिंगादिसंग्रहवर्गः ५.

सलिंगशास्त्रैः सन्नादिकृत्तद्धितसमासजैः । अनुक्तैः संग्रहे लिंगैः संकीर्णवदिहोन्नयेत् ॥ १ ॥

पाणिनिके कहे हुए लिङ्गानुशासनसहित (अर्थात् उनके अनुसार) सन्‌आदि प्रत्ययोंसे उत्पन्न चिकीर्षा आदि शब्दोंसे कृदन्तसे उत्पन्न श्वपाक आदिको तद्धित प्रत्यय अण् आदिसे उत्पन्न, "समासजैः" 'अदन्तोत्तरपदो द्विगुः' इस आदिसे और बाहुल्यसे पहिले अनुक्त शब्दोंसे संग्रह किये जाते हैं, यहां वर्गसंग्रह लिङ्गका ज्ञान किस प्रकार करैं इस पर कहते हैं, 'संकीर्णवत्' यह जैसे संकीर्णवर्गमें प्रकृति आदिसे जाने जाते हैं, इसी प्रकार यहां भी जानने, तिनमें प्रकृत्यर्थसे जैसे 'अर्द्धर्चाः पुंसि च' यहां प्रत्ययार्थसे जैसे 'स्त्रियां क्तिन्' 'प्रकृतिप्रत्ययार्थाद्यैः' इस आद्यशब्दसे क्रियाविशेषणोंको नपुंसकत्व और एकवचनत्व होता है, जैसे-'शोभनं पचति' इत्यादि ॥ १ ॥

लिङ्गशेषविधिर्व्यापी विशेषैर्य-द्यबाधितः ।

सन्नादि—कृत्—तद्धित—समाससे उत्पन्न विषय पूर्वोक्त शब्दके लिंगसे अन्यलिंग होना लिंगशेष है, उसका विधि उत्सर्ग होनेसे काण्डत्रयका व्यापक है, जो पूर्वोक्त और यहांके कहे विशेष विधियोंसे बाधित न होवे, तभी व्यापक होता है, क्योंकि अपवादविषय छोड़-कर उत्सर्ग सर्वत्र प्रवृत्त होता है इस कहनेसे लिंग विशेषविधिको जो उत्सर्ग-भूतका स्वर्ग आदि वर्ग अपवाद हैं तिनमें पहिलेके कहे हुए विशेषोंको फिर कहनेके दोष और विस्तारके डरसे फिर यहां विधान नहीं है. स्वर्गपर्याय यहां पुँल्लिंग कहेंगे उसका "द्योदिवौ द्वे स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम् " यह पूर्वोक्त अपवाद है और नीप्रभृतिकोंके तो 'कृतः कर्त्तरि' इत्यादिसे कहेंगे, यद्यपि पहले लिंग कहा है तथापि अप्राप्तके प्रापणा-र्थकतासे लिंगानुशासन यहां भी प्रधान ही है ॥

स्त्रियामीदूद्विरामैकाच् सयोनि-प्राणिनाम च ॥ २ ॥

'स्त्रियाम्' यह अधिकार 'मसी' [श्लो०१०] शब्दपर्यंत जानना चाहिये 'ईदूतौ' ईकार और ऊकार 'विराम' अर्थात् अवसानस्थ हैं जिनके वे, ईदू-द्विराम हैं वे और एकाच् ये दोनों ईदू-द्विरामैकाच् हैं । ईदन्त ऊदन्त वा जो एकस्वर शब्द-स्वरूप हैं वे स्त्रीलिंग हैं यह अर्थ है, जैसे-धीः, श्रीः, भ्रूः, भूः, नयतीति नीः, इन आदिमें 'कृतः कर्त्तरि' इसके बाध होनेसे वाच्यलिंगत्व है, योनि भग है इनके सहित प्राणियोंके नाम 'स्त्रियाम्' स्त्रीलिङ्ग हैं जैसे माता-दुहिता—धेनु-आदि. दार शब्द आदिमें तो'दाराः पुंभूम्नीति' यह बाधक पहिले कह चुके हैं,कलत्रम् और गृहं शब्दको 'कलत्रं श्रोणिभार्ययोः' यहांका क्लीब-पाठ बाधक है, इसी प्रकार अन्यत्र भी विचार कर लेना चाहिये ॥ २ ॥

नाम विद्युन्निशावल्लीवीणा-दिग्भूनदीह्रियाम् ।

विद्युत् आदि ह्रीशब्द पर्यंत ८ आठ शब्दोंके जो नाम अर्थात् संज्ञा हैं, वे स्त्रीलिङ्ग हैं, जैसे, विद्युत्—तडित्, निशा—रात्रिः, रजनिः, वल्ली,—व्रततिः, वीरुध्, वीणा,—विपञ्ची इत्यादि ॥

अदन्तैर्द्विगुरेकार्थो—

अकारान्त आदि शब्दोंसे जो एकार्थ द्विगुसमास है वह स्त्रीलिंग है, जैसे 'पंचानां मूलानां समाहारः पंच-मूली' इसी प्रकार त्रिलोकी षडध्यायी इत्यादि ॥

--न स पात्रयुगादिभिः ॥ ३ ॥

च पुनः पात्र, युग आदि उत्तरपद अदन्तशब्दोंके साथ एकार्थ द्विगुसमासको स्त्रीलिंगत्व नहीं है जैसे पंचपात्रं, चतुर्युगं, त्रिभुवनम् ॥ ३ ॥

तल् वृन्दे येनिकटचत्रा वैरमैथुनिकादिवुन् । स्त्रीभावादावनिक्तिण्ण्वुल्णच्ण्वुच्क्यब्युजिञङ्निशाः ॥ ४ ॥ उणादिषु निरूरीश्च ङ्याबूङन्तं चलं स्थिरम् ।

भाव आदि अर्थमें विहित तल्-प्रत्यय स्त्रीलिंगमें होता है, तथा भाव अर्थमें जैसे-शुक्लता, कर्म अर्थमें ब्राह्मणता, समूह अर्थमें ग्रामता, स्वार्थमें देवता, वृन्दे समूह अर्थमें य–इनि-कट्यच्--त्र-ये ४ चार प्रत्यय स्त्रीलिंगमें होते हैं. जैसे'पाशादिभ्यो यः' पाशानां समूहः पाश्या, वात्या, 'खलादिभ्य इनिः' खलिनी, पद्मिनी, 'रथादिभ्यः कट्यच्' रथकट्या, इसी रीतिसे गोत्रा, वैर, मैथुन आदि अर्थमें जो वुन् प्रत्यय है सो स्त्रीलिंग है तिनमें वैर विरोधार्थमें जैसे-अश्वमहिषिका, अश्व और महिषीका यह वैर है, इस भांति काकोलूकिका, मैथुनिका अर्थमें जैसे--अत्रिभरद्वाजिका, अत्रिभरद्वाजिकी, यह मैथुनिक विवाहरूपसम्बन्ध, इसी प्रकार 'कुत्सश्च कुशिका च तयोर्मैथुनिका कुत्सकुशिकिका' वुन्ग्रहण वुञ्, उण् वा वुच्-अक् इक् आदिका उपलक्षण है, जैसे-काशिका गार्गिकया श्लाघते, कहीं वु भी पाठ है, आदिपदसे वीप्सा आदिमें वुन्का ग्रहण है 'स्त्रियां भावादिः स्त्रीभावादिस्तस्मिन्'स्त्रियाम् इसका अधिकार कर भाव आदि अर्थमें जो विहित प्रत्यय अनि–क्तिन् (ति) आदि हैं वे स्त्रीलिङ्ग अर्थमें होते हैं, अनि जैसे 'आक्रोशे नञ्यनिः' इस सूत्रसे 'अनि' प्रत्यय होनेसे 'अकरणिः' 'अजीवनिः' 'क्तिन्' से स्मृतिः, कृतिः, गतिः, 'ण्वुल्' से जीविका, प्रच्छर्दिका, प्रवाहिका, आसिका, 'णच्' से व्यावक्रोशी स्वार्थिका, द्राक्षा, 'ण्वुच्' से शायिका, इक्षुभक्षिका, 'क्यप्' से ब्रह्महत्या, व्रज्या, इज्या, 'स्त्रीभावादौ' क्यों कहा ? 'मृषोद्यं ब्रह्मभूयं' यहां दोष आवेगा, 'युच्' से कारणा, आसना, मंडना,-इन्से वापिः, वासिः, कां कारिमकार्षीः 'इञ्' यह इण्इक्का उपलक्षणार्थ है, जैसे-आजिः, कृषिः, 'अ' से पचा, त्रपा, भिदा, 'नि'से ग्लानिः, म्लानिः, हानिः, 'श' प्रत्ययसे क्रिया, इच्छा ॥ ४ ॥ उणादिकोंमें निः–ऊः–ईः ये तीन प्रत्यय

स्त्रीलिंगमें हैं, तिनमें 'नि' प्रत्ययान्तसे, श्रेणिः, श्रोणिः, द्रोणिः, 'उणादिष्वनिः' इस पाठमें, अनिः, जैसे-अवनिः, धरणिः, धमनिः, सरणिः, 'ऊदन्तः' जैसे–चमूः, कर्षूः, ईदन्त जैसे–तन्त्रीः, तरीः, लक्ष्मीः, ङ्यन्तम् आवन्तम्, (ङी आप् वा आङ्) ऊङन्त और जो 'चलं' जंगम हैं वा जो 'स्थिरं' स्थावर हैं वे स्त्रीलिंग हैं, जंगम जैसे–नारी, शिवा, ब्रह्मवधूः। स्थावर जैसे-कदली, नाला, कर्कन्धूः ॥

तत्क्रीडायां प्रहरणं चेन्मौष्टा पाल्लवाणदिक् ॥ ५ ॥

"तत् क्रीडायां" यहांके तत्शब्दसे यहां मौष्ट्यादिकका निर्देश है तिससे यह अर्थ है, वह मुष्ट्यादिक प्रहरण अर्थात् मारना जो क्रीडा वा खेलमें होय तो उस अर्थमें विहित 'ण' प्रत्यय स्त्रीलिंगमें है, दिक् इस शब्दसे उक्तोदाहरणकी अभिलाषा है, जिससे दाण्डा, मौसला ये उदाहरणके योग्य हैं, मुष्टिसे प्रहार करना जिस क्रीडामें है उसे 'मौष्टा वा मौष्ट्या' और पल्लव हाथ वा पत्तेसे मारना जिस क्रीडामें है उसे "पाल्लवा" कहते हैं ॥ ५ ॥

घञो ञः सा क्रियाऽस्यां चेद्दाण्डपाताहिफाल्गुनी । श्यैनंपाता च मृगया तैलंपाता स्वधेति दिक् ॥६॥

वह घञन्तवाच्य दण्डपात आदिके आदि क्रिया इस फाल्गुनी आदिके अर्थमें घञन्तसे विहित जो ञ प्रत्यय है सो स्त्रीलिंगमें ही है, उदाहरण 'दण्डपातोऽस्यां फाल्गुन्यां दाण्डपाता फाल्गुनी' इसी प्रकार 'श्येनपातोऽस्यां श्यैनंपाता मृगया' 'तिलपातोऽस्यां स्वधाक्रियायां तैलंपाता' इति शब्दसे 'मुसलपातोऽस्यां मौसलपाता भूमिः' ये इत्यादि सिद्ध होते हैं, दिक्शब्दसे किसी देशमें फाल्गुन महीनेके पूर्णिमाको दण्डसे वा लाठीसे क्रीडा होती है इसलिये 'दाण्डपाता' आदि उदाहरण भी होते हैं ॥६ ॥

स्त्री स्यात्काचिन्मृणाल्यादिर्विवक्षापचये यदि ।

यदि 'अपचये' अर्थात् अल्पत्वके कहनेकी इच्छा हो तो मृणाली आदि शब्द स्त्रीलिंग हैं, जैसे–'अल्पं मृणालं मृणाली आदिशब्दसे जैसे–'ह्रस्वो वंशो वंशी' गौरादि मानकर ङीष् प्रत्यय होता है,इसी भांति कुम्भी–प्रणाली–छत्री–पटी–मठी आदि ये भी हैं, 'ह्रस्वार्थे कन् प्रत्ययः स्त्रियां' जैसे-पेटिका, 'काचित्' यह क्यों कहा ? यहां दोष पडता है जैसे–'अल्पो वृक्षो वृक्षकः' इत्यादि स्त्रीलिंग नहीं हैं ॥

लंका शेफालिका टीका धातकी पञ्जिकाऽऽढकी ॥ ७ ॥

अब ङ्याबूङन्तं इत्यादिसे केह लिंगवालेंमेंसे किसी शब्दके सुखसे लिंगज्ञानके हेतु, भिन्न कांतादि क्रमसे कहतेहैं-१लंका-राक्षसपुरी २ शेफालिका-(फूलका भेद वा वृक्षभेद-निर्गुंडी–निरसा यह प्रसिद्ध) है, ३ टीका–कठिन पदकी व्याख्या,४धातकी–वृक्षभेद–(आंवरा) यह प्रसिद्ध है, ५ पंजिका–(निःशेष पदकी व्याख्या), ६ आढकी–तुरई प्रसिद्ध है ॥ ७ ॥

सिध्रका सारिका हिक्का प्राचिकोल्का पिपीलिका । तिन्दुकी कणिका भंगिः सुरंगासूचिमाढयः ॥ ८ ॥

१ सिध्रका–वृक्षभेद, २ सारिका पक्षीभेद वा मयना, ३ हिक्का–स्वरभेद वा हिचकी, ४ प्राचिका पाचिका भी वनकी मक्खी वा 'पक्षिभेद'इति स्वामी, ५ उल्का-तेजका समूह, ६ पिपीलिका-कीडेका भेद (चींटी–वा चींटा भी) 'शनैर्यातीति पिपीलिका' यह स्वामीके मतसे पुँल्लिंग भी है, ७ तिन्दुकी वृक्ष-भेद (तेन्दुआ यह प्रसिद्ध है), ८ कणिका–परमाणु, ९ भंगि–कुटिलताका भेद वा टेढाई, १० सुरंगा-बिल वा 'सुरंग' यह प्रसिद्ध है, ११ सूचिः सूई वा व्यधनी, १२ माढिः–पत्तेकी सिरा ॥ ८ ॥

पिच्छावितण्डाकाकिण्यश्चूर्णिः शाणी द्रुणी दरत् । सातिः कन्था तथाऽऽसन्दी नाभी राजसभापि च ॥ ९ ॥

१ 'पिच्छा' शेमर यह प्रसिद्ध है, २ 'वितण्डा' वादभेद, ३ 'काकिण्यः वा काकिणी'पणका चौथा भाग वा कौडी, ४ 'चूर्णिः वा खूर्णि चूर्णिका,५'शाणी'शण-पटविशेष है, ६ 'द्रूणी' कर्णजलौका वा कछुही,७'दरत्'म्लेच्छजातिः॥१॥'साति' दान और अवसानको कहते हैं, २ 'कन्था' प्रावरणान्तर वा दूसरा बिछौना ३ 'आसन्दी' आसनका भेद वा वेतका आसन वा कुर्सी, ४ 'नाभी वा नाभिः' शरीरका अंगविशेष वा टोंडी, ५ 'राज-सभा' राज्ञां सभा राजोंकी सभा व कच-हरी यह प्रसिद्ध है ॥ ९ ॥

झल्लरी चर्चरी पारी होरा लट्वा च सिध्मला । लाक्षा लिक्षा च गण्डूषा गृध्रसी चमसी मसी॥१०॥

१ 'झल्लरी' बाजाका भेद वा झालर यह प्रसिद्ध है, २ 'चर्चरी' करशब्द वा हाथका शब्द वा हर्षक्रीडा, कईएक बाजे पढ़ते हैं 'कर्कटी' छोटा घड़ा, ३ पारी वा वारी, हाथीके पांवकी रस्सी

४'होरा'लग्नका आधा वा लग्न, ५ 'लट्वा' ग्रामचटक, चिडावा चिडी वा गरैया, ६ 'सिध्मला' मत्स्यविकार, ७ 'लाक्षा' जतु वा लाख, लाह प्रसिद्ध है. ८ 'लिक्षा यूकांड'—अर्थात् लीख प्रसिद्ध वा परिमाणभेद, ९ 'गंडूषा'जल आदिसे मुखपूर्ण कुल्ला प्रसिद्ध है,१० 'गृध्रसी' वातरोगभेद यह ऊरुकी सन्धिमें होता है, ११ 'चमसी' यज्ञपात्रभेद, १२ 'मसी' और भी पुं—'मासि' (कज्जल) ॥ १० ॥

इति स्त्रीलिङ्गसंग्रहः ॥

पुंस्त्वे सभेदानुचराः सपर्यायाः सुरासुराः । स्वर्गयागाद्रिमेघाब्धिद्रुकालासिशरारयः ॥ ११ ॥

अब पुँल्लिंगसंग्रह कहते हैं, 'पुंस्त्वे' इसका [श्लोक० २१ के] 'पतद्ग्रह'शब्द पर्यन्त अधिकार है, भेदाः 'तुषितसाध्य आदि' 'अनुचराः' सुनन्द आदि इनके सहित सुर, असुर, देव और दैत्यके यह पर्यायके पुँल्लिंग हैं,सुरपर्याय जैसे-'अमरा निर्जरा देवा मरुतः' इत्यादयः, इनके भेद जैसे—'तुषिता—साध्याः' 'इन्द्रो मरुत्वान्मघवा'—सूरः सूर्यः, अर्य्यमा हाहा हूहूः तुम्बुरुः इत्यादि, अनुचराः जैसे—विष्णुके अनुचर जयविजयप्रभृति, रुद्रके अनुचर नन्दिकेश्वर आदि, इसी प्रकार-असुरपर्याय दैत्य दानव इत्यादि इनके भेद बलि नमुचि आदि, असुरके अनुचर कूष्मांड मुण्ड आदि, इस भांति सब स्थानमें जानना, इनके भी 'दैवतानि पुंसि वा देवताः स्त्रियाम्' आदि बाधकको स्मरण करावेंगे । 'अबाधिताः' इस वक्ष्यमाणसे स्वर्ग आदि१९अपने भेद और पर्यायके सहित पुंलिंग हैं, १स्वर्गपर्याय जैसे-'स्वर्ग—नाक, त्रिदिव, इत्यादिक 'द्योदिवौ द्वे,स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम्'यह बड़ा बलवान् बाधक हैं इनके विना पुँल्लिंग हैं, २ यागो यज्ञः वा मखः क्रतुः इनके भेद—अग्निष्टोम—वाजपेय आदि इनको बाधकत्व कहेंगे,३अद्रिः गिरिः वा पर्वतः इनके भेद जैसे—मेरु सह्याद्रि आदि इनके मध्यमें अपवाद है सो शैलवर्गमें कह चुके हैं, ४ मेघः घन वा बादल ये इत्यादि पर्याय हैं, भेद आवर्त आदि अभ्रस्य तु अभ्र मेघ,यह क्लीव पाठ बाधक है,५अब्धिः समुद्रका पर्यायभेद क्षीरोद आदि, ६ वृक्षः शाखी आदि पर्याय और वट पीपल आदि भेद हैं, यहां भी कहीं रूप भेद आदिसे 'पाटला, शिंशपाः' आदिमें अपवाद कहा है,७'कालः दिष्टः समय इस प्रकार पर्यायहैं और मास आदि भेद हैं ।

असिः खड्ग—नन्दक आदि भेद,(इत्यादौ बाधः) ९ 'शरः बाणभेद नाराच आदि इषुधिर्द्वयोरिति विशेषो दर्शितः' १० 'अरिः' शत्रुभेद आततायी आदि॥११॥

करगण्डोष्ठदोर्दन्तकण्ठकेशनखस्तनाः । अह्नाहान्ताः क्ष्वेडभेदा रात्रान्ताः प्रागसंख्यकाः ॥ १२ ॥

'कर' राजग्रहणके योग्य भाग 'रश्मि' और 'पाणि' 'दीधिति' ५ आदिको तो पुंस्त्व बाधित है, 'गण्डः' कपोल वा गाल, 'ओष्ठः' ओष्ठ वा दंतच्छद दशनवसन आदि तो रूपभेदसे बाधित हैं, 'दोः' प्रवेष्ट 'भुजबाहोस्तु द्वयोरिति विशेषः' 'दंतः' दण्डः भेद जंभ 'कंठः' गलः 'समीपगलभेदेषु कण्ठं त्रिषु विदुर्बुधाः' इति शाश्वतः 'केशः' कचः वा बार, (बाल,) 'नखः' कररुहः नखोऽस्त्री इत्यादिना बाधितं, 'स्तनः' कुचः ये सब यथासम्भव सभेद और पर्य्याय पुँल्लिंग हैं, १ 'अह्नःअहश्च' ये हैं अन्तमें जिनके वे पुँल्लिग हैं जैसे-अह्नः पूर्व पूर्वाह्नः अह्नः परं पराह्नः; द्वे अहनी समाहृते द्व्यह्नः, २ क्ष्वेडभेदाः विषविशेष पुंस्त्व है जैसे सौराष्ट्रिकः यहां गरल विष पुंसि और क्लीबमें काकोल है इत्यादिसे बाधित है, ३ 'रात्रान्ताः यह समासान्तके एकदेशका अनुकरण है, इसी प्रकार आगे भी रात्र शब्द है अन्तमें जिनके वे जो प्राक् असंख्यावाचक शब्द हों तो पुंसि हैं, जैसे—अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रः, सर्वरात्रः, पूर्वरात्रः, वर्षारात्रः, अपररात्रः प्राक्, अंसख्यकाः यह क्यों कहा पंचरात्रं गणरात्रं इनमें दोष होगा, पुण्यरात्रको अर्धर्चादि पाठसे क्लीबत्व भी है ॥ १२ ॥

श्रीवेष्टाद्याश्च निर्यासा असन्नन्ता अबाधिताः । कशेरुजतुवस्तूनि हित्वा तुरुविरामकाः ॥ १३ ॥

१ 'श्रीवेष्ट' आदि ये निर्यास हैं अर्थात् द्रव वा गोन्द वा सारवाचक हैं वे पुँल्लिंग हैं, श्रीवेष्ट 'सरल' वा धूपकाष्ठ, श्रीपिष्ठ भी कहीं पाठ है, आद्यशब्दसे श्रीवास वृकधूप आदि, च शब्दसे गुग्गुलआदि, २ 'असन्त' 'अन्नंत' पुँल्लिंग हैं, असन्त जैसे—अंगिरा वेधा—चंद्रमा, अन्नंत जैसे—'कृष्णवर्त्मा मघवा' आदि. 'अबाधिता' क्यों कहा ? अप्सरसः, जलौकसः, सुमनसः, इदं वयः, इदं लोम, 'तुश्च रुश्च तुरु' ये दोनों विराम अर्थात् अंतमें हैं जिनके वे तुरुविरामकाः कहलाते हैं, कशेरु, जतु, मस्तु, इनको छोडकर

'तु' शब्दान्त और 'रु'शब्दान्त पुँल्लिग हैं, जैसे-हेतुः सेतुः धातुः मन्तुः तन्तुः इत्यादि, कुरुः मेरुः किंशारुः इत्यादि, कशेरु आदि उपलक्षण हैं,- दारु, श्मश्रु प्रभृतिका तिनमें कशेरु अस्थिविशेष वा तृणविशेष, जतु लाक्षा वा लाही ॥ १३ ॥

कषणभमरोपान्ता यद्यदन्ता अमी अथ । पथनयसटोपान्ता गोत्राख्याश्चरणाह्वयाः ॥ १४ ॥

क-ष-ण आदि ३ वर्ण उपान्ते अन्त्यके समीपमें हैं जिनके वे तैसे यदि ये क आदि वर्णषट्क उपान्त अदन्त हों तो पुँल्लिंगमें होते हैं, जैसे-अंकः, लोकः, स्फटिकः, शुल्कः, वल्कः आदि तो पाहिले ही बाधित हैं और प्लोष-माष, प्लक्ष आदि षोपान्त हैं, वर्षा आदि शब्द तो पहिले ही बाधित हैं,पाषाण, गुण, किरण आदि णोपान्त शब्द विषाण आदिसे बाधित हैं, कौस्तुभ, दर्भ, शलभ, आदि भोपान्त हैं, कुसुम्भ आदिसे बाधित हैं। होम, ग्राम, व्यायाम, गुल्म आदि मोपान्त, 'पद्मा-देर्वा पुंसि'इत्यादिसे बाधित हैं. झर्झर, सीकर, सीर प्रभृति रोपान्त हैं अजिर आदिक बाधित हैं,रादिवर्णषट्क उपान्त शब्द अबाधित हैं, तौ पुँल्लिंग हैं यहां 'यद्यदन्ता' इस पूर्वोक्तका सम्बन्ध नहीं है, अथादित्वसे पकारोपान्त जैसे-यूप-बाष्प-कलाप आदि बाधित हैं, थकारोपान्त-वेपथु, रोमन्थ आदि, नोपान्त-इन, धन, भानु आदि, वनादि तो बाधित हैं, योपान्त-आय, व्यय, जायु, तन्तुवाय आदि, मृगया आदि तौ बाधित हैं,सोपान्त-रस, हास, आदि, बिस आदि बाधित हैं, टोपान्त-घट, पट, आदि, किरीट आदिको बाधितत्व कहा है, गोत्र वंशमें आख्या संज्ञा है जिनकी वे गोत्राख्य ऋषिसंज्ञक हैं, गोत्रके आदि पुरुष ये ये प्रवराध्यायमें पढ़े हैं और ये अन्य अपत्यप्रत्ययके विना गोत्र वाचित्वसे लोकमें प्रसिद्ध हैं वे पुँल्लिग हैं जैसे-'भरद्वाजः गोत्रमस्माकम्' इस प्रकार कश्यप वत्स प्रभृति चरणके और वेदशाखाकी नामवाली संज्ञा पुँल्लिग हैं जैसे कठ बह्वृच इत्यादि ॥ १४ ॥

नाम्न्यकर्तरि भावे च घञजबन्-ङ्णघाथुचः । ल्युः कर्तरीमनि-ज्भावे को घोः किः प्रादितोऽ-न्यतः ॥ १५ ॥

नाम संज्ञामें और अकर्तरि च कारके भावमात्रमें भी विहित घञ् आदि सात प्रत्ययान्त पुँल्लिंग हैं, भावे च इस चकारसे असंख्यामें भी घञ् गृहीत है

घञन्त जैसे-'प्रसीदन्ति मनांस्यस्मिन् प्रासादः, प्रास्यत इति प्रासः, विदंति अनेन वेदः, प्रपतति अस्मादिति प्रपातः, भावमें जैसे-पाकः त्यागः । अच् जैसे-जयः, चयः, नयः । अप् जैसे-करः, गरः, लवः, प्लवः, । नङ् जैसे-यज्ञः, प्रश्नः, याच्ञा । यहां पुंस्त्व बाधित है, नङ् उपलक्षण है'स्वपो नन्' स्वप्नः। णप्रत्यय जैसे-न्यादः, घप्रत्यय जैसे-उरच्छदः, अथुच् जैसे-'वेपथुः' ल्युः प्रत्यय कर्तामें नंद्यादित्वसे पुँल्लिंगमें होता है,जैसे-नन्दनः, रमणः, मधुसूदनः, भावमें पृथु आदिसे जो इमनिच् है सो पुँलिंग है जैसे-पृथोर्भावः प्रथिमा, म्रदिमा, भाव ऐसा क्यों कहा ? 'वृणोतीति वरिमा पृथ्वी ' यहांका भावे यह शब्द देहलीदीपकन्यायसे पूर्व और परमें सम्बद्ध होता है, भावमें क प्रत्यय जैसे-आखूत्थः, प्रस्थः, प्रादितः और अन्यतःसे पर जो घुसंज्ञक धातु है उससे विहित जो किप्रत्यय है सो पुँलिंग है 'दाप् दैपौ विना ' दारूप और धारूप भी धातु घुसंज्ञक हैं; प्रादितः जैसे-प्रधिः,निधिः, आदिः अन्यतः जैसे-'जलधिः' इषुधिस्तु द्वयोरिति बाधितत्व है ॥ १५ ॥

द्वन्द्वेऽश्ववडवावश्ववडवा न समाहृते । कान्तः सूर्येन्दुपर्यायपूर्वोऽयःपूर्वकोऽपि च ॥ १६ ॥

द्वन्द्वे-समाहारसंज्ञकसे अन्यत्र समास द्वन्द्वसंज्ञकमें, 'अश्ववडवौ' पुंसि है, आप उदाहरण देते हैं, अश्वाश्च वडवाश्च अश्ववडवाः, इसी रीतिसे अश्ववडवान्, अश्व-वडवैःइत्यादि प्रयोगसे, समाहारे तु'अश्ववडवम्' यह क्लीब है, सूर्य, चंद्रके पर्यायपूर्वक कांतशब्द पुंसि हैं, जैसे 'सूर्यकान्तः, अर्ककान्तः, चन्द्रकान्तः, इन्दुकान्तः, सोमकान्तः' अयस् वा अयोवाचक अर्थात् लोहवाचक पूर्वक भी कान्त शब्द पुंसि है, जैसे 'अयस्कान्तः लोहकान्तः' ॥ १६ ॥

वटकश्चानुवाकश्च रल्लकश्च कुडंगकः । पुंखो न्यूंखः समुद्गश्च विटपट्टघटाः खटाः ॥ १७ ॥

अब पुँल्लिंग विशेष पर्यन्त अनुक्त और अकारान्तादि क्रमसे कहा है । १ वटकः-पिष्टकभेद वा (वरा), २ अनुवाकः-वेदका अवयव वा भाग, ३ रल्लकः-कम्बल वा कमरा प्रसिद्ध है, ४ कुडङ्गकः कुटंगकः-वृक्षलताका समूह, ५ पुंख-बाणका अवयव, ६ न्यूंखः न्युंखः सामवेदमें धरा ओंकार, ७ समुद्गः-संपुट वा डिब्बा, ८ विटः-धूर्त्त वा ठग, ९ पट्टः-काष्ठ आदिका बना आसनविशेष वा-

पाटा पीढ़ा, १० घटः तुला वा तराजू, ११ खटः अन्धकूप आदि वा कफ वा तृण ॥ १७ ॥

कोट्टारवट्टहट्टाश्च पिण्डगोण्डपिचण्डवत्। गडुः करण्डो लगुडो वरण्डश्च किणो घुणः ॥ १८ ॥

१ कोट्टः—दुर्ग—पुर—किला—गढ वा कोट्टारः, २ अरघट्टः—कूपभेद—महाकूप वा उसके ऊपर बँधा जलके निकालनेका काष्ठ वा अरहट—पुरवट, तवघट्ट, घाटाइ यहां प्रसिद्ध है, ३ हट्टः—क्रयविक्रयका स्थान वा हंटिया बाजार यह प्रसिद्ध है, ४ पिंडः—मिट्टी आदिका समूह, ५ गोंडः—नाभि वा नीचजातिभेद, ६ पिचण्डः—वा पिचिण्डः उदर वा पेट, पिचण्डवत् यहांके वत् शब्दसे गडादि शब्द भी पुँल्लिंग हैं यह बोधित होता है, ७ गडुः-गलगंड, ८ करण्डः-बांस आदिका बना भाण्डका भेद वा पिटारी वा पुष्पभाजन, ९ लगुडः-बांस आदिका दण्ड वा लाठी, १० वरण्डः—मुखका रोग वा वदनकी व्यथा, ११ किणः—मांसकी गांठिका भेद—वह भी जो फावडा, लाठी आदिके चलानेसे हाथ आदिमें (घट्टा) स्पष्ट है त्रण और चिह्नको भी "किण" कहते हैं, १२ घुणः—काठका कीड़ा वा घुन यह प्रसिद्ध है ॥ १८ ॥

दृतिसीमन्तहरितो रोमन्थोद्गीथबुद्बुदाः। कासमर्दोऽर्बुदः कुन्दः फेनस्तूपौ सयूपकौ ॥ १९ ॥

१ दृतिः—चामका दोना वा मसक (भिस्तीका), २ सीमन्तः—केशवेश व चूडा गूँथा हुआ, ३ हरितः—पलाशवर्ण वा हरियर प्रसिद्ध है, ४ रोमन्थः—पशु जो जुगालिया चर्वण करते हैं (वा वागुर), ५ उद्गीथः—सामवेद, ६ बुद्बुदः-जलका विकार, ७ कासमर्दः—वा काशमर्दः—गुल्मभेद वा रोगभेद, ८ अर्बुदः—दशकोटि, ९ कुन्दः-पुष्पविशेष वा औजार रखनेका पात्र वा शिल्पभांड, १० फेनः—जलविकार, ११ स्तूपः—वटक आदि, ये और यूप यूपक वा "यूप" भी बरा पूआ आदिके नाम हैं ॥ १९ ॥

आतपः क्षत्रिये नाभिः कुणपक्षुरकेदराः। पूरक्षुरप्रचुक्राश्च गोलहिंगुलपुद्गलाः ॥ २० ॥

१ आतपः-सूर्यका प्रकाश वा उजियाला, २ नाभिः-राजाविशेष-वा क्षत्रिये क्षत्रिवाचि नाभिशब्द पुंल्लिग है, ३ कुणपः-उसी प्रकार कुणपः शवभेदः त्यक्तप्राणः, ४ क्षुरः-केशवपनद्रव्य-नाईका शस्त्र-(छूरा)वा पशुकी खुरी, ५ क्षेदरः-व्यवहारका द्रव्य वा पदार्थ, ६ पूरः-जलप्रवाह, ७ क्षुरप्रः-बाणका भेद 'खुरप्रः' भी, ८ चुक्रः शाकका भेद, ९ गोलः-वर्तुलपिंड वा गोल, १० हिंगुलः-रागद्रव्यका भेद वा रक्तवर्ण, ११ पुद्गलः वा पुद्गल आत्मा ॥ २० ॥

वेतालभल्लमल्लाश्च पुरोडाशोऽपि पट्टिशः । कुल्माषो रभसश्चैव सकटाहः पतद्ग्रहः ॥ २१ ॥

१ वेतालः-भूताधिष्ठितशव-मल्लविशेष २-शिवका अनुचर, ३ द्वारपाल ४, २ भल्लः-भालू, ३ मल्लः-बाहुयुद्धकुशल वा माल प्रसिद्ध, ४ पुरोडाशः वा पुरोडाः (स्)-हविषूभेद, ५ पट्टिशः-अस्त्रभेद, ६ कुल्माषः वा कुल्मासः-अर्द्धास्विन्न यव वा कुत्सित माष, ७ रभसः-१हर्ष-२ वेग, ३ उत्सुकता, ४ वा पूर्वापर-विचार, ८ सकटाहः-कटाहके सहित कटाह शब्द भी पुँल्लिग है, कराही यह प्रसिद्ध है, ९ पतद्ग्रहः-निष्ठीवनपात्र वा पीकदान ॥ २१ ॥

॥ इति पुँल्लिगसंग्रहः ॥

द्विहीनेऽन्यच्च खारण्यपर्णश्वभ्रहिमोदकम् । शीतोष्णमांसरुधिरमुखाक्षिद्रविणं बलम् २२ ॥

द्विहीने स्त्री और पुरुषसे हीन नपुंसकका अधिकार है बाह्लिकशब्द पर्यन्त, श्लोकद्वयसे प्रधान करके निर्दिष्ट खादिशब्द २६ अपने पर्यायोंके सहित नपुंसक हैं, यहां अन्यत् इस बाधितसे जो भिन्न हैं वे क्लीब हैं यह सावधानका अर्थ कहा. चकारसे वस्त्र आभूषणका संग्रह है. १ खम्-१इंद्रिय २ व्योम वा देह, ३ शून्य, ४ अभ्र-बिन्दु, ५ पुर, ६ स्वर्ग, ७ सुखभी जैसे-छिद्रं-नभः वियत् इत्यादि. २ अरण्यं-विपिनं-काननं-इसप्र० इत्यादि, ३ पर्ण पत्रं वा पत्ता दलं इस० इत्यादि, ४ श्वभ्रं तु पातालं, ५ हिमं-प्रालेय, ठण्ढ, ६ उदकं, जलं नीरं पानी इस० इत्यादि; ७ शीतं शीतलं, इस० इत्यादि, ८ उष्णं-तिग्मं इस० इत्यादि, शीतोष्णं गुणे क्लीबं तद्वति त्रिषु, ९ मांसं-पिशितं तरसं ये

इत्यादि, १०रुधिरं—शोणितं रक्तं, ११ मुखं-वदनं, वक्त्रं, १२ अक्षि-नयनं—नेत्रं, १३ द्रविणं-धनं, इस०इत्यादि, १४ बलं-शक्ति सैन्य आदि, शक्तिमें जैसे—बलं शुष्मेत्यादि सैन्य चक्रमित्यादि॥ २२ ॥

फलहेमशुल्बलोहसुखदुःखशुभाशुभम् । जलपुष्पाणि लवणं व्यञ्जनान्यनुलेपनम् ॥ २३ ॥

१ फलं-फलमात्रं कपित्थं,इस०इत्यादि,हलं भी, २ हेम—सुवर्णं, कनकं, इस० इत्यादि, ३शुल्बं-ताम्रम् इस० इत्यादि,४ लोहं-कालायसं,इस०इत्यादि,५सुखं शर्म, शांतम्,इस०इत्यादि, ६ दुःखं-तु कृच्छ्रं, कष्टं, ७ शुभं—कल्याणं, कुशलं इस० इत्यादि, ८ अशुभं-अकल्याणं, ९ जलपुष्पाणि—कुमुद—कमल-—कह्लार-—उत्पलानि आदि, १० लवणं—सैन्धवं,इस० इत्यादि, ११ व्यञ्जनविशेषसे दाधि-तक्र-आदिका ग्रहण है,१२अनुलेपनं--कुंकुम आदि, यहां बाधितादन्यत् ऐसा क्यों कहा. आकाशो विहायाः, द्यौः, अटवी, अरण्यानी इस० इत्यादि, इसी प्रकार अन्यत्र भी विचारना चाहिये ॥ २३ ॥

कोट्याः शतादिसंख्याऽन्या वा लक्षा नियुतं च तत् । द्व्यच्कमसिसुसन्नन्तं यदनान्तमकर्तरि ॥ २४ ॥

कोट्याः—कोटिशब्दके विना जो शत आदि संख्या है वह क्लीबमें होती है, लक्ष शब्द वा विकलपसे क्लीबमें है पक्षमें स्त्रीलिंग है, तत्शब्दसे लक्षका पर्याय नियुतं यह अर्थ है, उदाहरण जैसे—नियुतं-शतं—सहस्रं-अयुतमित्यादि असन्त इसन्त उसन्त—और अन्नन्त जो द्व्यच्क वा द्विस्वर हैं वे क्लीबमें हैं, असन्त जैसे-पयः, मनः, इसन्त जैसे—सर्पिः ज्योतिः; उसंत जैसे—वपुः, यजुः, अन्नन्त जैसे-चर्म शर्म साम नाम इत्यादि, इसीसे क्लीबत्व सिद्ध था आगे जो मर्मशब्दका उपादान है सो इसके अनित्यत्व ज्ञापनके अर्थ है, तिससे, ('गुणान्धकारशोकेषु तमो राहौ पुमानयम्'इत्यादि सिद्धम्)अकर्तरि अर्थमें कर्तासे अन्यत्र जो अनांत अन यह अंतमें जिसके हैं वे क्लीब हैं, जैसे गमनं, मरणं, दानं, करणं, वरणं; अकर्तरि क्यों कहा ? इध्मव्रश्चनः, कुठारः, नन्दयतीति नन्दनः ॥ २४ ॥

त्रान्तं सलोपधं शिष्टं रात्रं प्राक्संख्ययान्वितम् । पात्राद्यदन्तैरेकार्थो द्विगुर्लक्ष्यानुसारतः ॥२५॥

त्रान्तं क्लीबमें है जैसे–पात्रं–वहित्रं मित्रं–वस्त्रं–गात्रं–यंत्रम् ये इत्यादि, सकार और लकार उपधा अन्त्यसे पूर्ववर्ण हैं जिनके वे क्लीबमें हैं, सोपधं जैसे-बुसं, बिसं, अन्धतमसं, लोपधं जैसे-कुलं, मूलं इस० इत्यादि; शिष्टं यह जो प्रागुक्तसे भिन्न है वह और प्रागुक्त भी जो अबाधित है सो भी त्रांतादिक क्लीबमें हैं, शिष्ट क्यों कहा ? पुत्रः–वृत्रः–हंसः–कंसः–पनसः–शालः–कालः–गलः; संख्यापूर्वक रात्रशब्द क्लीब है, (रात्राह्नाहाः पुंसि) इस सूत्रसे पुंस्त्व प्राप्त था उसका यह अपवाद है; त्रिरात्रं, पंचरात्रं; संख्याया यह क्यों कहा ? अर्द्धरात्रः, मध्यरात्रः, पात्र आदि अदन्तशब्दोंसे जो एकार्थ द्विगु समास है वह क्लीब है, पंचरात्रं आदि पदसे चतुर्युगं; लक्ष्यानुसारतः–अर्थात् शिष्ट प्रयोगके अनुसार, इससे पंचमूली त्रिलोकी इत्यादि अपवाद हैं, एकार्थ क्यों कहा ? पंचकपालः, पुरोडाशः; द्विगु यह तद्धितार्थ है ॥ २५ ॥

द्वन्द्वैकत्वाव्ययीभावौ पथः संख्याव्ययात्परः । षष्ठ्याश्छायाबहूनां चेद्विच्छायं संहतौ सभा ॥ २६ ॥

१ द्वन्द्वसमासका एकत्व और अव्ययीभाव समास क्लीबमें हैं द्वन्द्वैक्यं जैसे-पाणिपादं, शिरोग्रीवं, मार्दंगिकपाणविकम्, अव्ययीभाव जैसे-अधिस्त्रि, यथाशक्ति, उपगंगं; संख्या और अव्ययसे परे जैसे–विपथं, कापथं; संख्याव्ययादिति किं ? धर्मपथः योगपथः यह समासांतका अनुकरण है, समासमें षष्ठी विभक्त्यन्तसे परे जो छायाशब्द है सो क्लीब है, वह भी बहुतोंकी सम्बन्धिनी होय तौ जैसे–'वीनाम् पक्षिणां छाया विच्छायम्, इक्षूणां छाया इक्षुच्छायम्, बहूनां ऐसा क्यों कहा ? कुड्यस्य छाया कुड्यच्छाया, वा स्त्रियां यह तो कहेंगे, संहतौ समूहविषयमें सब शब्द क्लीब हैं यहां भी षष्ठ्याः इसका अनुवर्त्तन करते हैं, जैसे-दासीनां सभा दासीसभं, नृपसभं, रक्षःसभं, स्त्रीसभमित्यादि; संहतौ ऐसा क्यों कहा ? दासीनां सभा दासीसभा, दासीगृहं यह अर्थ है ॥ २६ ॥–

शालार्थापि परा राजामनुष्यार्थादराजकात् । दासीसभं

नृपसभं रक्षःसभामिमा दिशः॥२७॥

शालात् अर्थात् गृहात् अपिशब्दसे समुदायात् भी जो सभा शब्द है वो अराजकात् राजशब्दसे वर्जित और राजा मनुष्य अर्थात् राजार्थक राजपर्याय और अमनुष्यार्थक रक्षःआदि शब्दसे और षष्ठ्यन्तसे परे होय तो क्लीबमें है, (शाला गृहमर्थोऽभिधेयो यस्याः सा शालार्था) राजपर्यायसे जैसे—इनसभं, प्रभुसभं; अमनुष्यार्थसे जैसे—रक्षःसभं, पिशाचसभं; अराजकात् क्यों कहा? राजसभा राजपर्यायके ग्रहणसे यहां नहीं हुआ, चन्द्रगुप्तसभा, राजविशेष यह है, षष्ठ्याः यह क्यों कहा ? नृपतिविषयसभा नृपतिसभा नृणां पतिर्यस्यां सा चासौ सभा चेति वा नृपतिसभा, अमनुष्यार्थात् यह क्यों कहा ? दासीसभा। दासीनां शाला इत्यर्थः। इमा दिशः,यह दासीसभं इस आदि क्रमसे उदाहरण हैं, तिनमें दासीसभं यह समुदाय ही अर्थमें है.शेष दो शाला और संहति अर्थमें है ॥ २७ ॥

उपज्ञोपक्रमान्तश्च तदादित्वप्रकाशने । कोपज्ञकोपक्रमादि कन्थोशीनरनामसु ॥ २८ ॥

१ उपज्ञा और उपक्रमान्तके आदित्वके प्रकाशनमें उपज्ञान्त और उपक्रमान्त यह समास क्लीबमें होता है, (उपज्ञायते इति उपज्ञा,॥ को ब्रह्मा तस्य उपज्ञा कोपज्ञं प्रजा ॥ कस्योपक्रमः कोपक्रमं लोकः), प्रजापतिने प्रथम बनाया था इससे उसीने आदिमें प्रजा को जाना था यह अर्थ है, उन्हीं नरोंके मध्यमें षष्ठ्यन्तसे पर कंथा क्लीबमें है, जैसे सौशमीनां कन्था सौशमिकन्थम्, उशीनरदेशवाचीसे अन्यत्र दाक्षिकन्थानामसु यह क्यों कहा ? वीरणकंथा ॥ २८ ॥

भावे नणकचिद्भ्योऽन्ये समूहे भावकर्मणोः । अदन्तप्रत्ययाः पुण्यसुदिनाभ्यां त्वहः परः ॥२९॥

चकार इत्संज्ञक है जिसका वह चित् है, 'नश्च णश्च कश्च चिच्च नणकचितः तेभ्योऽन्ये' अर्थात् इनसे भिन्न जो तव्य, क्त आदि अदन्तधातुप्रत्यय भावमें विहित हैं। वे क्लीबमें हैं तिनमें धातुप्रत्यय जैसे—भवितव्यं, भाव्यं, सहितं, भुक्तं; नणकचित् क्यों कहा ? प्रश्नः, न्यादः, आखूत्थः, वेपथुः, नणक यह घञ्का उपलक्षण है पाकः, भावे क्यों कहा? कर्ममें दोष होगा, जैसे—'कर्तव्यो धर्मसंग्रहः, समूह अर्थमें' जैसे—भिक्षाणां

समूहो भैक्षं, गार्भिणं, औपगवं, काकं; भावमें अदन्त जैसे--गोर्भावः गोत्वं, शुचेर्भावः शौचं; कर्मणि जैसे—शुक्लस्य कर्म शौक्ल्यम्, राज्ञः कर्म राज्यं चौर्य्यं; तल् प्रत्ययको तो स्त्रीत्व कहा है, पुण्य और सुदिनशब्दसे पर विहितसमासान्त अहन् शब्द क्लीबमें है; अह्नाहान्त इस पुंस्त्वका अपवाद है, पुण्याहं, सुदिनाहं; सुदिन शब्द प्रशस्तार्थक है ॥ २९ ॥

क्रियाऽव्ययानां भेदकान्येकत्वेऽप्युक्थतोटके । चोचं पिच्छं गृहस्थूणं तिरीटं मर्म योजनम् ॥ ३० ॥

क्रिया और अव्ययोंका भेदक वा विशेषण क्लीब और एकवचनमें होते हैं, क्रियाविशेषण जैसे—मन्दं पचं, सुखं तिष्ठन्ति योगिनः, सलीलं नृत्यन्ति बालाः; अव्यय विशेषण जैसे—रम्यं स्वः सुखदं प्रातः, अब कितने कंठस्वरसे कहे हैं, उक्थं सामभेदः, तोटकं वृत्तभेदः, चोचं खाये फलका शेष वा तालफल, केला आदिके फलको भी कोई कहते हैं; मोचं और खेटं भी; २ पिच्छं गुच्छा वा मोरकी पोंछ--वा चूडा--वा लांगूल वा शाल्मलीवृक्ष—वा परम्परा आदि, उक्तउक्थं और मुक्तं, ३ गृहस्थूणं, घरका खम्भा वा थून्ही, ४ तिरीटं, बैठन वा शिरोभूषण, ५ मर्म, सन्धिस्थान वा हड्डियोंके जोडका स्थान, ६ योजनं क्रोशचतुष्टयं वा चार कोश ॥ ३० ॥

राजसूयं वाजपेयं गद्यपद्ये कृतौ कवेः । माणिक्यभाष्यसिन्दूरचीरचीवरपिञ्जरम् ॥ ३१ ॥

१ राजसूयं और २ वाजपेयं ये २ यज्ञके भेद हैं, (राज्ञा लतात्मकः सोमः सूयतेऽत्र राजसूयं, वाजं पैष्टी सुरा पीयते वा पेयमत्र वाजपेयम्), ३ गद्यं, ४ पद्यं ये कवेः कृतौ अर्थात् कविकी निश्छन्द रचनाको गद्य, और पादसमूहकी रचनाको पद्यं; कवेः कृतौ ऐसा क्यों कहा-गद्या वाक्, पद्या पद्धतिः, ५ माणिक्यं, रत्नका भेद. 'मणिके मणिपूराख्ये नगरे भवं माणिक्यं' ६ भाष्यं पदार्थविवृति वा विवरण, (सूत्रार्थो वर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुसारिभिः । स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्यं भाष्यविदो विदुरिति) ७ सिन्दूरं, रक्त वा लालचूर्ण, ८ चीरं वस्त्रभेद, ९ चीवरं मुनिवासः वा वस्त्र, १० पंजरं वा पिंजरम्-पक्ष्यादि बन्धनागार वा पिंजरा ॥ ३१ ॥

लोकायतं हरितालं विदलस्थालबाह्लिकम् ।

१ लोकायतं–चार्वाकशास्त्र, २ हरितालं–धातुभेद. ३ विदलं–बांसका बना पात्रभेद, ४ स्थालं–पात्रभेद वा थार वा हांडी अन्नपात्र पाकपात्र आदि, ५बाह्लिकं–कुंकुम वा देशभेद उस देशका उत्पन्न कुंकुम, बाह्लवम् भी, 'वह्लदेशे भवं बाह्लवं' इति नपुंसकलिंगसंग्रहः ॥

पुन्नपुंसकयोः शेषोऽर्धर्चपिण्याककण्टकाः ॥ ३२ ॥

अब चिक्कस शब्दपर्यन्त पुंसि और क्लीबमें हैं. उससे भिन्नशेष है जैसे शंख और पद्म ये २ दो निधिवाचक पुँल्लिंग हैं, कम्बु नलिनका वाची तो पुन्नपुंसकलिङ्ग है तैसे अत्रत्य शब्द भी पर्यायबाधित है उसके पर्यायसे भिन्न है तो पुंनपुंसक लिङ्ग होते हैं, १अर्द्धर्चः अर्द्धर्चे- आधी ऋचा वेदभाग, २पिण्याकं-तिलकी खल, ३कंटकः रोमहर्ष वा रोमांच ॥३२॥

मोदकस्तण्डकष्टङ्कः शाटकः कर्पटोऽर्बुदः । पातकोद्योगचरकतमालामलका नडः ॥ ३३ ॥

१ मोदकः–भक्ष्यभेद वा (लड्डू), २ तण्डकः-उपतापविशेष वा रोग विशेष, ३ टंकः वा तंकः–अश्मदारणः वा पत्थर गढनेकी टांकी, ४ शाटकः–पटभेदः वा साडी प्रसिद्ध है, ५ कर्वटः वा कर्पटः, वाजे पढते हैं "खर्वटः" स्थानभेद वा वस्त्रभेद, ६अर्बुदः–संख्याभेद वा दशकोटि, ७पातकं–ब्रह्महत्यादि, ८ उद्योगः–उत्साह, ९ चरकः वा वरकः–वैद्यशास्त्र भेद, "करकः" यह भी पाठ है इसका स्यूतवस्त्र अर्थ है, १० तमालः–वृक्षभेद (तमाखू) प्रसिद्ध है, ११ आमलकः वा आमालकः–धात्रीफल वा आंवला प्रसिद्ध है, १२ नडः–भीतरी बिल वा तृणभेद ॥ ३३ ॥

कुष्ठं मुण्डं शीधु बुस्तं क्ष्वेडितं क्षेम कुट्टिमम् । संगमं शतमानार्मशम्बलाव्ययताण्डवम् ॥ ३४ ॥

१ कुष्ठं रोगभेद, पुष्कर वा कमल, २ मुण्डं–शिरः, ३ शीधु–मद्य, ४ बुस्तं भूँजा मांस वा कटहल आदिके फलका सार भाग–'कहीं पुस्तं वा शस्तं पाठ है कहीं चुस्तं वा तुस्तं भी पाठ है' ५ क्ष्वेडितं,वीरका किया सिंहनाद, ६ क्षेम- कुशल 'क्षेमोऽस्त्री लब्धरक्षणे' मोक्षको भी, ७ कुट्टिमं–गचका भेद, ८संगमं– संयोग, ९ शतमानं–मानभेद, १० अर्म–अक्षिरोग, ११ शम्बलं वा सम्बलं–वर्णका भेद, १२ अव्ययं–स्वरादिनिपात वा विकाररहित, १३ ताण्डवं वा ताण्डव्यं–नाचका भेद ॥३४॥

कवियं कन्दकार्पासं पारावारं युगंधरम् । यूपं प्रग्रीवपात्रीवे यूषं चमसचिक्कसौ ॥ ३५ ॥

१ कवियं—तोबडा लगाम वा बाग-डोर, २ कन्दं—कमलिनीकी जड वा मूल, कहीं कर्म यह पाठ है, ३ कार्पासं—कपास वा रुई वस्त्रका कारण—आदि, ४ पारावार—वारं नदीआदिके दोनों पारको क्रमसे पार और वार कहते हैं, ५ युगन्धरं—कूबरं—रथके जूआके काठको पुष्ट करनेवाला काष्ठ वा पर्वत भेद आदि, ६ यूपं यज्ञाङ्गभेद—अथवा यज्ञपशु वांधनेका काष्ठभेद, ७ प्रग्रीवं—द्रुमशीर्षम् वा झरोखा—मुख—शाला खिडकी आदि, ८ पात्रीवं—पात्रीव वा यज्ञपात्रका भेद, ९ यूषं वा माषं—माण यह प्रसिद्ध है, (मुद्गामलकयूषस्तु ग्राही पित्तकफे हित इति उक्तं वैद्यके) १०—चमसचिक्कसौ ये २ दो पात्रभेद हैं ॥ ३५ ॥

अर्धर्चादौ घृतादीनां पुंस्त्वाद्यं वैदिकं ध्रुवम् । तन्नोक्तमिह लोकेऽपि तच्चेदस्त्यस्तु शेषवत् ॥ ३६॥

अर्धर्चादौ इस पुन्नपुंसकाधिकारवर्गमें घृतादिकोंको पाणिनि आदिकोंने पुंस्त्व आदि कहा है, वे तो वेदमें प्रसिद्ध वैदिक हैं इस हेतु उन्हें यहां नहीं कहा और लोकमें हैं तो वे शेषवत् अर्थात् उक्तसे भिन्नशेष हैं उनके समान शिष्टप्रयोगके अनुसार ग्राह्य है ॥ ३६ ॥

इति पुन्नपुंसकसंग्रहः ॥

अथ स्त्रीपुंसशेषसंग्रहः ॥

स्त्रीपुंसयोरपत्यान्ता द्विचतुःषट्पदोरगाः । जातिभेदाः पुमाख्याश्च स्त्रीयोगैः सह मल्लकः ॥ ३७ ॥

अपत्यप्रत्यय अन्तमें है जिनके वे शब्द स्त्री और पुँल्लिंगमें होते हैं जैसे-'उपगोः,अपत्यं पुमान् औपगवः,उपगोः अपत्यं स्त्री औपगवी, वैदेहः, वैदेही, गार्ग्यः, गार्गी, 'द्विचतुःषट्पदोरगाः' द्विपद, चतुष्पद और षट्पदवाची और भुजगवाची जातिभेद स्त्रीपुंस हैं तिनमें द्विपदजातिभेद जैसे—मानुषः पुमान्,मानुषी स्त्री, गोपः पुमान् स्त्री गोपी;ब्राह्मणः ब्राह्मणी, शूद्रः शूद्रा, अजादि मानकर टाप् है, चतुष्पदभेद जैसे—'मृगः, मृगी, हयः,हयी, षट्पद भेद जैसे—भृंगःभृंगी, मक्षिका—मक्खी, शिवा—सिंआरी, लूता, मकरी, पिपीलिका चिउंटी' उरग जैसे-उरगः, उरगी, नागः, नागी, 'स्त्रीयोगैः सह पुमाख्याः' अर्थात् स्त्री—वाचक शब्दके योगसे पुंवाचक शब्द स्त्री और पुँल्लिंगमें होते हैं, जैसे—इन्द्रः इन्द्राणी, 'मातुर्भ्राता मातुलः तस्य स्त्री मातुली,

पुंसिमें वर्त्तमान मातुलः स्त्रीयोगसे स्त्रीत्वमें भी हैं 'शूद्रस्य स्त्री शूद्री' 'मल्लक' आदि भी स्त्री और पुंसमें हैं, मल्लकः स्त्रीमें तो मल्लिका पुष्पवल्लिका भेद है ॥ ३७ ॥

ऊर्मिर्वराटकः स्वातिर्वर्णको झाटलिर्मनुः । मूषा सृपाटी कर्कन्धूर्यष्टिः शाटी कटी कुटी ॥ ३८ ॥

मुनिः यह भी पाठ है,यती इंगुदी–बुद्ध पिहालवृक्षभेद, पलाश आदि, ऊर्मि-तरंग, वराटकः-कोडी, स्त्री· लिंगमें वराटिका, २ स्वातिः-नक्षत्र, ४ वर्णकः–चन्दन विलेपन, ५ झाटलिः जाटलिः वा 'पाटलिः' भी पाठ है, पलाशवृक्षके सदृश है, ६ मनुः-स्वायंभुव आदि वा मन्त्र, ७ मूषा–धातु गलानेका पात्र वा घरिआ, ८ सृपाटी–परिमाणभेद सृपाट वा स्त्री सृपाटी वा असृपाटी–रुधिरकी नदी, ९ कर्कन्धूः-बेरवृक्ष, १० यष्टिः-लाठी, ११ शाटी–पटभेद वा साडी, १२ कटिः वा कटः स्त्री० कटिः वा कटी–देहका अवयव वा कमर, १३ पुं०कुटिः, स्त्री. कुटिः वा कुटी, गृहविशेष वा पत्तोंका घर, यहां मूषा नकारान्त है॥३८॥

इति स्त्रीपुंसशेषसंग्रहः ॥

अथ स्त्रीनपुंसकशेषः ॥

स्त्रीनपुंसकयोर्भावक्रिययोः ष्यञ्क्वचिच्च वुञ् ॥ औचित्यमौचिती मैत्री मैत्र्यं वुञ् प्रागुदाहृतः ॥३९॥

भावक्रिययोः अर्थात् भाव और कर्म अर्थमें वर्तमान ष्यञ् प्रत्यय और वुञ् कहीं स्त्री और नंपुसकमें वर्त्तते हैं,तिनके मध्य ष्यञ् प्रत्ययका उदाहरण जैसे–औचित्यं यह 'उचितस्य भाव औचित्यं' और 'औचिती भी' मित्रस्य कर्म मैत्र्यं मैत्री वा, इसी प्रकार वार्द्धकं, वार्द्धकी, सामग्रं, सामग्री, आर्हत्यं, आर्हन्ती; वुञ् प्रत्यय तो वैरमैथुनिकादि वुन् इस भांति पहिले कहा है, जैसे मिथुनस्य भावः कर्म वा मैथुनिका मैथुनिके भी ॥ ३९ ॥

षष्ठ्यन्तप्राक्पदाः सेनाछायाशालासुरानिशाः ॥ स्याद्वा नृसेनं श्वनिशं गोशालमितरे च दिक् ॥४०॥

तत्पुरुषसमाससे षष्ठ्यन्त षष्ठी विभक्त्यन्त प्राक्पद है जिनके ऐसे षष्ठ्यन्त प्राक्पद सेना आदि शब्द स्त्री और नपुंसकमें होवें उदाहरण जैसे-नृणां सेना नृसेनं वेति विकल्पसे नृसेना भी इतरे भिन्न पद भी इसी प्रकार उदाहरण करना चाहिये; श्वनिशं, गोशालं, यवसुरं, यवसुराः, कुड्यस्य छाया

कुडयच्छायं कुडयच्छाया वा षष्ठीबहुवचनान्तसे पूर्वपदकी छाया हो तो क्लीबमें ही होवे ऐसा पहिले दिखाया है ॥ ४० ॥

आबन्नन्तोत्तरपदो द्विगुश्चापुंसिनश्च लुप्। त्रिखट्वं च त्रिखट्वी च त्रितक्षं च त्रितक्ष्यपि ॥ ४१ ॥

आबन्त उत्तरपद और अन्नन्त उत्तरपदका द्विगुसमास पुंलिंगमें नहीं है, किन्तु स्त्री नपुंसकमें होते हैं, अन्नन्त उत्तरपदका जो अन्त नकार है उसका लुक् अर्थात् लोप भी होता है, (आप्-आ-अन्) आबन्तपदका उदाहरण जैसे,त्रिखट्वं यह तिस्रः खट्वाः समाहृताः त्रिखट्वं त्रिखट्वी भी, अन्नन्तोत्तरपद जैसे-त्रयस्तक्षाणः समाहृतास्त्रितक्षं, त्रितक्षी च; तक्षन् शब्दका अन्त्य नकार लुप्त है ॥४१ ॥

॥ इति स्त्रीनपुंसकशेषः ॥

अथ त्रिलिंगशेषसंग्रहः ।

त्रिषु पात्री पुटी वाटी पेटी कुवलदाडिमौ ।

पात्र आदि और दाडिम शब्दांत त्रिलिंग हैं, पात्रः पात्री पात्रम्-आदि, पुटी पुटः पुटं, वा पटः-टी-टं, पुटः मट्टीका बना डब्बा वा औषध पकानेका पात्रभेद, दूध आदिके पीनेका पात्र दोना आदि,वाटी,'वाटः-टी-टं,रास्ता वा मार्ग, पेटः टी वा टा-टं,पेटा-टा पेटी-टी यह पेटारा वा पेटारीका नाम है, कुवलः-ली-लं उत्पल, कमल, मोती आदि, दाडिमः-मी-मं, दाडिम्ब वृक्ष वा अनार ॥

इति त्रिलिंगशेषसंग्रहः॥

परं लिंगे स्वप्रधाने द्वन्द्वे तत्पुरुषेऽपि तत् ॥ ४२ ॥

द्वन्द्वैकत्वका और अव्ययीभाव समासका लिंग पहिले कह चुके हैं स्वप्रधाने अर्थात् उभयपदप्रधानइतरेतराख्य द्वन्द्व समासमें और तत्पुरुष समासमें भी जो 'परं' परपदस्थलिंग है वही लिंग होता है, तहां द्वन्द्वसमासमें जैसे कुक्कुटमयूर्याविमे, मयूरीकुक्कुटाविमौ, तत्पुरुषसमासमें जैसे-धान्यनार्थो धान्यार्थः, सर्पाद्भीतिः सर्पभीतिः, सर्पभयं,वाप्यश्वः,कुलविप्रः, कुलीनविप्रः, पूज्यकुलं, विप्रकुलं, ब्राह्मणका कुल, इत्यादि ॥ ४२ ॥

अर्थांताः प्राद्यलंप्राप्तापन्नपूर्वाः परोपगाः । तद्धितार्थो द्विगुः संख्यासर्वनामतदन्तकाः ॥ ४३ ॥

उक्त तत्पुरुषके लिंगका अपवाद कहा है, अर्थ इस पदसे, अर्थांताः अर्थात् अर्थ शब्द है अन्तमें जिनके वे परोपगाः परगामी वाच्यलिंग हैं, अर्थ जैसे-द्विजायायं द्विजार्थःसूपः द्विजार्था, यवागूः, द्विजार्थं पयः, ब्राह्मणार्थः-र्था-र्थं 'अर्थेन नित्यसमासोविशेष्यलिंगताचेतिवक्तव्यं-

यह वार्तिक भी है (प्राद्यलंप्राप्तापन्नपूर्वाः परोपगाः) पर विशेष्यको जाते हैं यह अर्थ है, प्रादि पूर्व जैसे—अतिक्रांतो मालामतिमालो हारः, अतिक्रांता मालामतिमालेयम् । अतिमालमिदं, अवक्रुष्टः कोकिलया अवकोकिकः। अलंपूर्वपद जैसे—अलं कुमार्यै इत्यलंकुमारिरयं, अलंकुमारिरियम्, अलंकुमारि इदम्, अलब्धजीविकः का—कं,प्राप्तजीविको द्विजः, प्राप्तजीविका स्त्री, प्राप्तजीविकमिदं, इसी प्रकार, आपन्नजीविक, 'तद्धितार्थो द्विगुः' अर्थात् तद्धित अर्थमें द्विगुसंज्ञक समास वाच्यलिंग है,पंचकपालः—लं—ला, पुरोडाश संख्याशब्द सर्वनामसंज्ञक और तदन्त भी परलिंगभाजी है, संख्या जैसे एकः पुमान्, एकं कुलं, द्वौ पुंमांसौ, द्वे स्त्रियौ, कुले च, त्रयः पुरुषाः, तिस्रः स्त्रियः, त्रीणि कुलानि, एवं चत्वारः चतस्रः चत्वारि षट्संज्ञकोंको कहते हैं. विंशति आदिकोंका लिंग द्वितीय कांडमें कह चुके हैं, और शत आदिकोंका तौ नपुंसकके संग्रहमें कह चुके हैं। सर्वनाम जैसे-सर्वो देशः सर्वा नदी सर्वं जलं इसी प्रकार परः पुमान् 'संख्यान्तक जैसे ऊनत्रयः। ऊनतिस्रः ऊनत्रीणि' सर्वनामान्त जैसे—परमसर्वः परमसर्वा परमसर्वम् ॥ ४३ ॥

बहुव्रीहिरदिङ्नाम्नामुन्नेयं तदुदाहृतम् । गुणद्रव्यक्रियायोगोपाधयः परगामिनः ॥ ४४ ॥

अदिङ्नाम्नाम् अर्थात् दिशावाचक शब्दसे भिन्न नामवालोंका बहुव्रीहि समासमें अन्यलिंग होता है इसके उदाहरण आपसे आप विचारना चाहिये जैसे—'वृद्धा भार्या यस्य स वृद्धभार्यः'बहुधनः बहुधना बहुधनं अदिङ्नाम्नां ऐसा क्यों कहा? दक्षिणस्याः पूर्वस्याश्च दिशोरन्तरालं दक्षिणपूर्वा गुणयोगसे द्रव्ययोगसे और क्रियायोगसे जो उपाधि अर्थात् विशेषण है उनके धर्ममें जो प्रवृत्त शब्द हैं वे धर्मिके लिंगयोग होवैं, गुणयोगसे जैसे—शुक्लः पटः शुक्ला शुक्लं, गंधवती पृथ्वी गन्धवान् अश्मा,गन्धवत् कुसुमं,द्रव्यके योगसे जैसे—दण्डी दंडिनी स्त्री, दंडि कुलं क्रियायोगसे जैसे-याचक, याचिका, याचकम् आदि ॥ ४४ ॥

कृतः कर्तर्यसंज्ञायां कृत्याः कर्तरि कर्मणि । अणाद्यन्तास्तेन रक्ताद्यर्थे नानार्थभेदकाः ॥ ४५ ॥

असंज्ञामें जहां कर्ता अर्थमें कृत्संज्ञक प्रत्यय हैं वे वाच्यलिंग हैं, जैसे—करोतीति कर्त्ता पुमान् । कर्त्री स्त्री । कर्तृ कलत्रं कुर्वन्, ती—त्, असंज्ञादयः क्यों कहा प्रजा हरिः, कर्तरि क्यों कहा। कृतिः, कर्म अर्थमें और कर्ताअर्थमें वर्तमान कृत्य प्रत्यय परगामी होते हैं, कर्ममें जैसे भव्यः (तरुः)—व्या—व्यं, गन्तव्यः (ग्रामः)—व्या—व्यं, कर्त्तव्या भक्तिः, कर्तामें जैसे वसतीति

वास्तव्योऽयं वास्तव्या सा वास्तव्यं तत्, कर्तरि कर्मणि क्यों कहा,भाव अर्थमें तो एधितव्यं त्वया तेन रक्तं इस इत्यादि अर्थमें अण् आदि तद्धितप्रत्ययान्त और नाना अर्थके कहने वाले वा अनेकार्थके विशेषभूत विशिष्ट होनेसे वाच्यलिंग हैं जैसे कुसुम्भेन रक्ता शाटी कौसुम्भी कौसुंभः पटः कौसुम्भं वासः, हैमः–हैमी–मं,ऐन्द्र–न्द्री–न्द्रं 'तेन रक्तं रागात्'इससे अण् होता है और रक्तार्थ इसके आदि शब्दसे मथुराया आगतोऽय माथुरोऽयं वा माथुरीयं आदि अणाद्यन्ता इस इत्यादि पदसे ग्रामें भवः ग्राम्यः पुमान् ग्रामे भवा ग्राम्या स्त्रीआदि, यहां यत् प्रत्यय होता है ॥ ४५ ॥

षट्संज्ञकास्त्रिषु समा युष्मदस्मत्तिङव्ययम् । परं विरोधं शेषं तु ज्ञेयं शिष्टप्रयोगतः ॥ ४६ ॥

षट्संज्ञक अर्थात् षान्त और नान्त वा संख्या,तथा कतिशब्द भी त्रिषु समा वा तीनों लिंगोंमें तुल्य होते हैं और नित्य ही बहुत्व अर्थमें वर्तमान हैं इस कारणसे बहुवचनान्त हैं जैसे–षडिमे, षडिमाः, षडिमानि, पञ्चभिरेताभिः कति पुमांसः कति स्त्रियः कति कुलानि, युष्मद् और अस्मद् शब्द तथा तिङन्तपद और अव्ययवाचक शब्द-ये सब त्रिलिङ्ग और समान हैं, युष्मद् शब्द जैसे-त्वं स्त्री त्वं पुमान् त्वं कलत्रं,अस्मद् शब्द जैसे-आवां पुमांसौ आवां स्त्रियौ, आवां कलत्रे,तिङ् जैसे-स्थाली भवति, घटो भवति, पात्रं भवति इसी प्रकार दाराः भवन्तीत्यादि अव्यय जैसे–उच्चैः दाराः उच्चैः स्त्री उच्चैः कलत्रम् उच्चैःप्रासादः इत्यादि,परविरोधे–विप्रतिषेध वा विधियोंके परस्परविरोधमें परलिङ्गानुशासन होता है,जैसे-मानुष शब्द क-ष-ण-भ-म-र-इस प्रागुक्तविधिसे पुंस्त्व ही प्राप्त था,द्विचतुःषट्पद इस उपरोक्त स्त्रीपुंसविधिका निश्चय किया है जैसे–मानुषोऽयं, मानुषीयं, शेषं जो नहीं कहा गया नाम आदि वह शिष्ट महाकविप्रयोग और भाष्यकार आदिके प्रयोगसे जानना चाहिये, यद्वा अनुक्तशब्दोंके लिंग शिष्टप्रयोगसे जानने योग्य हैं,लिंगविधायक शास्त्र न करना चाहिये क्योंकि लिङ्गज्ञान् लोक वा संसारसे जान पडता है यह भाष्यकारका मत है॥४६॥

इति लिंगादिसंग्रहवर्गः ॥ ५ ॥

इत्यमरसिंहकृतौ नामलिंगानुशासने । सामान्यकाण्डस्तृतीयस्सांग एव समर्थितः ॥ ४७ ॥

इस प्रकार अमरसिंहकृतनामलिंगानुशासनमें सामान्य तृतीयकांड सांग निरूपण करा ॥ ४७ ॥

इति श्रीमुरादाबादवास्तव्य पंडितरामस्वरूपकृतभाषाटीकासहितः नामलिंगानुशासने सामान्यकाण्डस्तृतीयः समाप्तः ।

इत्यमरकोशः सम्पूर्णः ।

क्रय्य-पुस्तकें (कोशादिग्रन्थाः)।

नाम.	की. रु. आ.
अमरकोश—मूल—सटिप्पण छोटे अक्षरका गुटका.	०—७
अमरकोश—संस्कृतटीकासहित	२—०
अनेकार्थध्वनिमञ्जरी—भाषामें सुगम है	०—४
शब्दार्थचिन्तामणि—यह कोशग्रन्थ बहुत ही उत्तम और बृहत् है, इसमें अकारादि क्रमसे शब्द लिखे हैं व पुँल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग लिखनेके उत्तर शब्दोंकी व्युत्पत्ति व सिद्धिके पाणिनि—व्याकरणके सूत्र तथा शब्दोंके व उनके लिये अनेक कोषोंके प्रमाण तथा विशिष्ट शब्दोंमें अनेक ग्रन्थोंसे उदाहरण भी दिये गये हैं, यह ग्रन्थ ४ जिल्द व ३१९३ पृष्ठोंमें है। हर एक विषयके विद्वानोंको अवश्य अपने पास रखने योग्य है	२५—०
अमरुशतक—शृंगार और वेदान्तपर काव्य दो टीकासहित	०—१०
अश्वधाटीकाव्य—भाषाटीकासमेत.	०—४
ऋतुसंहारकाव्य—कालिदासकृत और चौरकविकृत चौरपञ्चाशिका-काव्य। इसमें षड्ऋतुवर्णनादि राजकुमार बाबू देवनंदनसिंह-कृत छन्दोबद्ध भाषाटीका है.	०—१०
कामाक्षिस्तुतिशतक—मूककविरचित	०—४
कलिविडम्बन—भाषाटीकासमेत तथा कलिप्रभाव भाषाटीकासमेत। इसमें—कलियुगप्रभाव वर्णन है.	०—४
किरातार्जुनीयकाव्य—मल्लिनाथकृत संस्कृतटीकासहित	२—८
” तथा रफ कागजका.	२—०

नाम. — की. रु. आ.

दृष्टान्तशतक–दोहा–भा० टी० इसके श्लोक, दोहोंमें यह विचित्रता है कि पूर्वार्द्धमें दृष्टान्त और उत्तरार्द्धमें दार्ष्टान्त क्रमसे कहे गये हैं. ०–३

नलोदयकाव्य–संस्कृतटीकासहित । इसमें महाराजा नल और दमयन्तीका रोचक चारित्र वर्णित है १–३

पद्यमुक्तावली–इसके श्लोकोंके आदिसे क्रमसे स्वर व्यंजनोंके अक्षर आते हैं । यद्यपि छोटा है किन्तु देखने योग्य हैं. .... ०–१॥

पञ्चतन्त्र–मूलमात्र । विष्णुशर्माकृत नीतिशास्त्र. १–१२

पञ्चतन्त्र–विष्णुशर्माकृत और पं० ज्वालाप्रसादजीमिश्रकृत सुबोध भाषाटीकासमेत । यह मित्रभेद, मित्रसंप्राप्ति, काकोलूकीय, लब्धप्रणाश, अपरीक्षितकारक इन पांच तन्त्रोंमें नीतियुक्त सर्वोत्कृष्ट है ३–०

भर्तृहरिशतक–नीति, शृङ्गार तथा वैराग्य संस्कृत टीका तथा भाषाटीका समेत । इसके नीतिशतकमें–निन्दाप्रशंसा, विद्वत्प्रशंसा, मानशौर्यप्रशंसा, दुर्जननिन्दा, सुजनप्रशंसा, धैर्यप्रशंसा, दैवप्रशंसा, कर्मप्रशंसा और शृंगारशतकमें–षड्ऋतुवर्णन, दुर्विरक्तवर्णन, स्त्रीपरित्यागप्रशंसा, यौवनप्रशंसा, कामिनीग्रहणसुविरक्त और वैराग्यशतकमें–तृष्णाधिकार, मदनविडम्बन, विनयोंका रूपतिरस्कार, दुर्जनपुरुषोंकी निन्दाहास्यका वर्णन, भोगपद्धति, कामनिर्वेदताका स्वरूप इत्यादि वर्णन देखने ही योग्य है. १–१२

भक्तिरत्नावली–श्रीमद्भागवतोद्धृत स्तुतिसंग्रह. ०–४

भामिनीविलास–पं० महावीरप्रसाद द्विवेदिकृत भाषाटीकासहित । इसमें–प्रास्ताविकविलास, शृंगारविलास, करुणाविलास तथा

સ્ત્રીઓં હિંગુણાદ્દારો ત્ન ... બહુમેહનઃ

[illegible]

بنسی گوپال چند سنز ، کاتب
چوک بجلی امرتسر

Bushan Lal Asthi
P.G. Department

Bushan lal. Asthi
P.G. Depart of Sanskrit
University of Jammu

BIS

British Information Services

British High Commission in India

BIS.B 358

MINISTER FORESEES GROWTH

OF BRITISH EXPORTS

Britain's Secretary of State for Trade and Industry, Mr. Peter Walker, said in London this week that the changes in exchange rates made Britain ... more competitive than